# घर घर में बस एक ही नाम चूरू वाले का गुंजेगा

जय बाबोसा बोलो जय बाबोसा,
घर घर में बस एक ही नाम,
चूरू वाले का गुंजेगा,
मेरे भारत का बच्चा बच्चा,
जय जय श्री बाबोसा बोलेगा।bd।

तर्ज – भारत का बच्चा बच्चा।

---

देवो में ये देव है साँचा,
दुनिया ने ये जान लिया,
हनुमत रूप में आये बाबोसा,
सबने ये पहचान लिया,
बाबोसा की धर्म ध्वजा,,
बाबोसा की धर्म ध्वजा,
देश विदेश में फहरेगा,
मेरे भारत का बच्चा बच्चा,
जय जय श्री बाबोसा बोलेगा।bd।

---

त्रेता युग में श्री राम पधारे,
द्वापर युग में कान्हा,
कलयुग में है आये बाबोसा,
भगतों ने है जाना,
हर संकट को दूर करे,,
हर संकट को दूर करे,
जो हर कष्टों को हर लेगा,
मेरे भारत का बच्चा बच्चा,
जय जय श्री बाबोसा बोलेगा।bd।

---

हर घर मे हो श्री बाबोसा,
है बाईसा की अभिलाषा,
हर भक्त का कल्याण हो,
है दिल मे एक यही आशा,
‘दिलबर’ कोई दिन दुखी,,
‘दिलबर’ कोई दिन दुखी,
दर बदर न डोलेगा,
मेरे भारत का बच्चा बच्चा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जय बाबोसा बोलो जय बाबोसा,
घर घर में बस एक ही नाम,
चूरू वाले का गुंजेगा,
मेरे भारत का बच्चा बच्चा,
जय जय श्री बाबोसा बोलेगा।bd।

गायिका – ममता राउत।
रचनाकार – दिलीप सिंह सिसोदिया 'दिलबर'।
नागदा जक्शन म.प्र. 9907023365

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com